बदहाली | टूटे साइन बोर्ड, झाड़ियों में छिपे संकेत, स्कूली बच्चों पर मंडरा रहा खतरा

बेलखाडू-पनागर मार्ग बयां कर रहा सड़क सुरक्षा की अनदेखी

राकेश नगाइच

नवभारत, बेलखाडू। बेलखाडू से 13 किलोमीटर दूरी वाले पनागर को जोड़ने वाला मार्ग, जिसका निर्माण मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम द्वारा कराया गया है, आज अपनी दुर्दशा और लापरवाही को लेकर सवालों के घेरे में है।

इस मार्ग पर लगे सड़क सुरक्षा संकेतक (साइन बोर्ड) या तो टूट चुके हैं, गायब हैं, या फिर लंबी-लंबी झाड़ियों और पेड़ों में पूरी तरह ढक गए हैं।

टूटे हुए साइन बोर्ड | क्षतिग्रस्त साइन बोर्ड | झाड़ियों में छुपे साइन बोर्ड | रोड पर फैली मिट्टी और झाड़ियां

मोड़ों पर खतरा, साइन बोर्ड दिखते ही नहीं

मार्ग पर कई खतरनाक मोड़ हैं, जहां संकेतक होना बेहद आवश्यक है, लेकिन वास्तविकता यह है कि इन मोड़ों पर लगे साइन बोर्ड वाहन चालकों को दिखाई ही नहीं देते। तेज गति से आने वाले वाहन चालक अनजान रहते हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका लगातार बनी रहती है।

इन गांवों के बच्चे सबसे ज्यादा खतरे में

इस मार्ग से जुड़े बघोड़ा , पिपरिया, सिमरा, बरोदा, उमरिया चौबे सहित अन्य कई गांव में जहां सड़क के किनारे स्कूल स्थित हैं।

सुबह और छुट्टी के समय स्कूली छात्र सड़क पार करते हैं, लेकिन तेज रफ्तार वाहन ,मोड़ों पर छिपे साइन बोर्ड चेतावनी संकेतों का अभाव होने के कारण इन बच्चों की जान जोखिम के लिए जानलेवा साबित हो सकता है।

साइड शोल्डर गायब, मिट्टी और झाड़ियों का कब्जा

सड़क के दोनों ओर सुरक्षित शोल्डर होना चाहिए, ताकि वाहन खराब होने या आपात स्थिति में सड़क किनारे रुक सकें या क्रॉसिंग दौरान साइड पट्टी पर वाहन आकस्मिक रूप से उतार सके । लेकिन इस मार्ग पर शोल्डर पूरी तरह गायब है। जगह-जगह मिट्टी, कंकड़ और छोटी झाड़ियां सड़क पर आ चुकी हैं। दोपहिया वाहन चालकों को फिसलने का खतरा बना रहता है। खासकर बरसात के दिनों में स्थिति बदली हुई रहती है।

क्या कहते हैं सड़क सुरक्षा से नियम?

सड़क सुरक्षा से जुड़े नियमों के अनुसार—साइन बोर्ड मेंटेनेंस, सड़क संकेतकों का हर 6 माह में निरीक्षण, क्षतिग्रस्त बोर्ड का तत्काल प्रतिस्थापन, स्कूल, मोड़ और गांव क्षेत्रों में स्पष्ट व रिफ्लेक्टिव संकेत अनिवार्य, झाड़ियों और सफाई साल में कम से कम 2 बार (प्री-मानसून और पोस्ट-मानसून) सड़क किनारे झाड़ियों की कटाई, साइन बोर्ड और विजिबिलिटी ज़ोन पूरी तरह साफ होना चाहिए , रोड शोल्डर सड़क के दोनों ओर कम से कम 1-1 सहित 5 मीटर सुरक्षित शोल्डर, शोल्डर पर मिट्टी या वनस्पति नहीं होनी चाहिए ।



करोड़ों की लागत से बनी इमारत में आई दरार

▸ नगर परिषद भवन की गुणवत्ता पर बड़ा सवाल

नवभारत, मझौली। वार्ड नंबर 9 में नगर परिषद कार्यालय एवं शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के नाम से लगभग एक करोड़ इक्यासी लाख छियालिस हजार रुपये की लागत से निर्मित नगर परिषद भवन अब गंभीर विवादों में घिर गया है। जिस भवन का भूमि पूजन पाटन विधायक अजय विश्नोई के करकमलों से, मुख्य नगर पालिका अधिकारी मौसम पालेवार, प्रशासक प्रदीप मिश्रा एवं नगर परिषद पाटन- मझौली के जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में बड़े समारोह के साथ किया गया था, उसी भवन में निर्माण के कुछ समय बाद ही दरारें उभर आई हैं।

चौंकाने वाली बात यह है कि 1 अप्रैल 2025 को इसी भवन में भव्य प्रवेश उत्सव भी आयोजित किया गया था, जिसमें नगर परिषद अध्यक्ष से लेकर सभी वार्ड पार्षद मौजूद रहे। अब करोड़ों की लागत से बने भवन में आई दरारों ने निर्माण की गुणवत्ता, ठेकेदार की भूमिका और अधिकारियों की निगरानी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय नागरिक राहुल काछी ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा करोड़ों रुपये खर्च करने के बाद अगर नया भवन ही दरारों से भर जाए, तो यह सीधा-सीधा भ्रष्टाचार और लापरवाही का मामला है। इसकी उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए और जिम्मेदार अधिकारियों व ठेकेदार पर कार्रवाई की जाए। जनता पूछ रही है—यह विकास है या भ्रष्टाचार की इमारत? अब देखना होगा कि जिम्मेदार अधिकारी सच में जांच कर कार्रवाई करते हैं या यह मामला भी फाइलों में दबा दिया जाएगा।

तीन माह में 3 .99 लाख की चढ़ोत्तरी

▸ विष्णु वराह मंदिर की दान पेटी से उमड़ी श्रद्धा

नवभारत, मझौली। मझौली स्थित प्राचीन विष्णु वराह मंदिर में श्रद्धालुओं की आस्था हर दिन नए आयाम छू रही है। मंदिर परिसर में रखी दान पेटी को परंपरा के अनुसार हर तीन माह में विधिवत रूप से खोला गया, जहां इस बार भी श्रद्धा का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। दान पेटी से कुल तीन लाख निन्यानबे हजार चार सौ रुपये नगद प्राप्त हुए, साथ ही सोने-चांदी के जेवरात भी अर्पित किए गए।

मंदिर समिति के अनुसार दान पेटी खोलने की प्रक्रिया समिति सदस्यों और जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न की गई। श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाए गए नारियलों की निलामी अभी नहीं की गई है, जिसे आगामी दिनों में किया जाएगा।मंदिर समिति का कहना है कि प्राप्त दान राशि का उपयोग मंदिर विकास, पूजा व्यवस्था और सामाजिक कार्यों में किया जाएगा। विष्णु वराह मंदिर आज भी यह साबित कर रहा है कि सच्ची आस्था और विश्वास कभी कम नहीं होते।

5 साल से नाली के लिए भटक रहे वार्डवासी

▸ 10 लाख की योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी

नवभारत, मझौली। नगर परिषद मझौली में विकास नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार की नालियां बह रही हैं। वार्ड नंबर 03 में पानी की टंकी से मो. असगर के मकान तक नाली निर्माण आज तक नहीं हुआ, जबकि स्थानीय लोग पिछले पांच वर्षों से लगातार आवेदन और गुहार लगा रहे हैं। नाली न होने से घरों का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे बीमारी और संक्रमण का खतरा बना हुआ है, लेकिन नगर परिषद आंख मूंदे बैठी है।

सबसे गंभीर आरोप यह है कि वार्ड नंबर 01 में मुनी बी के घर से पानी की टंकी होते हुए नासिर के घर तक समतलीकरण और नाली निर्माण के लिए स्वीकृत 10 लाख रुपये की राशि भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है। जमीन पर काम न के बराबर हुआ, लेकिन कागजों में

पूरा भुगतान दिखा दिया गया। न समतलीकरण दिखता है, न पक्की नाली—सिर्फ गड्ढे, कीचड़ और बदबू। वार्डवासी राहुल काही ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा अगर 10 लाख खर्च हो चुके हैं तो नाली कहां है? यह खुला घोटाला है। अधिकारियों और ठेकेदारों की मिलीभगत के बिना ऐसा संभव नहीं।'

मो. हनीफ का कहना है कि हर बार सिर्फ आश्वासन मिलता है। अब सब्र टूट रहा है। अगर जांच नहीं हुई तो हम सड़क पर उतरेंगे।

सहमति पत्र, आवेदन और शिकायत सब मौजूद हैं, फिर भी काम शून्य। सवाल सीधा है, क्या नगर परिषद मझौली में विकास योजनाएं सिर्फ लूट का जरिया बन चुकी हैं?

दो दिवसीय शिवलिंग निर्माण आज से

नवभारत, पाटन। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर नगर में भक्ति और समागम के साथ धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं, जय मातेश्वरी भक्त परिवार के तत्वाधान में दो दिवसीय शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक का आयोजन प्रात: 8 बजे आज से प्रारंभ होगा। जिसमें सर्वप्रथम गृहस्थ संत पंडित तरुण चौबे का आगमन सिविल कोर्ट चौराहे पर होगा, जहां भक्त परिवार द्वारा संत की अगवानी की जाएगी साथ ही शोभायात्रा के साथ कलश यात्रा कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेगी। महाराज श्री के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में 14 एवं 15 फरवरी को वृहद शिवलिंग निर्माण रुद्राभिषेक एवं महा आरती का आयोजन ज्ञान विजय परिसर में होगा। भक्त परिवार द्वारा पाटन और आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के भक्तों से आयोजन में पहुंचकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

विधवा, निराश्रित और दिव्यांग को भी बढ़कर मिले सहायता राशि

▸ असहाय ग्रामीणों की सरकार से मांग

नवभारत,बेलखाडू। प्रदेश में सरकार द्वारा लाडली बहना योजना के तहत महिलाओं को वर्तमान में 1500 रुपये प्रतिमाह की आर्थिक सहायता दी जा रही है, वहीं भविष्य में इस राशि को 5000 रुपये तक बढ़ाने की घोषणा भी की गई है।

ग्रामीणों का कहना है कि वर्तमान में इन वर्गों को मात्र 600 रुपये प्रतिमाह की पेंशन राशि दी जा रही है, जो आज की बढ़ती महंगाई के दौर में बेहद अपर्याप्त है। खाद्य सामग्री, दवाइयां, इलाज, आवागमन और दैनिक जरूरतों की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं, ऐसे में इतनी कम राशि में जीवनयापन करना बेहद कठिन हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि अधिकांश लाभार्थी बुजुर्ग, असहाय अथवा शारीरिक रूप से अक्षम हैं, जिनके पास आय का कोई अन्य साधन नहीं है। कई हितग्राही केवल इसी पेंशन के सहारे अपनी जरूरतें पूरी करते हैं। ग्रामीणों ने मोहन सरकार से मांग की है कि जिस तरह लाडली बहनों को आर्थिक सशक्तिकरण के लिए सहायता राशि बढ़ाई जा रही है, उसी प्रकार विधवा, निराश्रित एवं दिव्यांग पेंशन योजना की राशि में बढ़ोत्तरी करते हुए कम से कम तीन हजार रुपए की जाए, ताकि ये वर्ग भी मंहगाई के इस दौर में सम्मानजनक जीवन जी सकें। बेलखाडू एवं आस पास के ग्रामों के गजराज सिंह ठाकुर, राजेंद्र पटेल बाबा, रमेश चौकसे,अनूप पटेल, मंजीत सिंह, अर्जुन बर्मन, राजाराम बर्मन रज्जू, धनीराम साहू, मदन तिवारी सहित अनेकों वरिष्ठ नागरिकों ने मध्य प्रदेश सरकार से मांग की है कि दिव्यांग, निराश्रित, विधवा एवं असहाय जनों को न मिलने वाली छह सौ रुपए मासिक पेंशन आज के महंगाई के दौर में अपर्याप्त है।

अरुणोदय पत्रकारिता सम्मान व पुरस्कार समारोह 20 को

▸ सुशीला शुक्ला स्मृति श्रेष्ठ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पुरस्कार भी किए जाएंगे प्रदान

नवभारत, जबलपुर। पं. अरुण शुक्ला के जन्मदिन और निर्वाण तिथि के अवसर पर 20 फरवरी को अरुणोदय यशभारत कार्यालय परिसर, शताब्दिपुरम उखरी में अरुणोदय पत्रकारिता सम्मान व पुरस्कार समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह में नगर के चयनित पत्रकारों और श्रेष्ठ आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को शॉल, श्रीफल, प्रतीक चिन्ह और सम्मान निधि से सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर टेलीफोन

डायरेक्टरी अरुणोदय 2026 का भी विमोचन अतिथियों द्वारा किया जाएगा। इस वर्ष श्रीमती सुशीला शुक्ला स्मृति श्रेष्ठ आंगनवाणी कार्यकर्ता पुरस्कार से नगर की दो आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं श्रीमती दुर्गा चौहान (कॉन्टैक्ट आंगनवाड़ी केंद्र, लुहारी सेक्टर 2, इंद्राणा परियोजना मझौली) और श्रीमती अभिलाषा मेहरा (ब्रिजमोहन नगर, सरदार बल्लभभाई पटैल वार्ड 94, आंगनवाड़ी केंद्र 2, सेक्टर) को नवाजा जाएगा। यह सम्मान प्राप्त करेंगे पत्रकारिता क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए अरुण शुक्ल स्मृति वरिष्ठ पत्रकारिता सम्मान से चैतन्य भट्ट (स्वतंत्र पत्रकार) को सम्मानित किया जाएगा। वहीं, पत्रकारिता पुरस्कार इस वर्ष राजकुमार रैकवार, आलोक बैनर्जी, लाली कोष्टा, आशीष रैकवार और राजेन्द्र पांडे को प्रदान किया जाएगा। महिला पत्रकारिता में उत्कृष्टता के लिए माया देवी शुक्ला श्रेष्ठ महिला पत्रकारिता पुरस्कार दृष्टि जैन,जबकि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से शिव चौबे को सम्मानित किया जाएगा। समारोह के आयोजक आशीष शुक्ला ने बताया कि इस अवसर पर शहर के पत्रकार और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की सराहना के साथ उन्हें पुरस्कार प्रदान कर समाज में उनके योगदान को मान्यता दी जाएगी।

ममता ताम्रकार का निधन

जबलपुर। शीतलामाई घमापुर निवासी श्रीमती ममता ताम्रकार का 63 वर्ष की आयु में निधन हो गया। आप लालचंद ताम्रकार की धर्मपत्नी, सनी ताम्रकार की मां थी। अंतिम संस्कार करिया पत्थर शमशान में किया गया।

आशा मरावी का निधन

पनागर। गुरुनानक वार्ड प्रेम सिटी निवासी जिला न्यायाधीश उदय सिंह मरावी की धर्मपत्नी एवं एड.ओंकार मरावी की माता आशा मरावी का निधन हो गया है। अंतिम संस्कार स्थानीय श्मशान घाट पनागर में संपन्न हुआ।

पिस्टल के साथ बदमाश को किया गिरफ्तार

नवभारत,जबलपुर। खमरिया पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम ने एक बदमाश को अवैध पिस्टल और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। टीआई राजकुमार खटीक के अनुसार क्राइम ब्रांच को सूचना मिली थी कि सोनपुर नहर पुल के पास, पथनौरा फार्म मानेगांव के पास एक युवक पिस्टल लेकर किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की नियत से घूम रहा है। सूचना मिलते ही थाना खमरिया और क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने दबिश दी। पुलिस को देखते ही युवक ने भागने की कोशिश की, लेकिन टीम ने उसे घेराबंदी कर धर

दबोचा। पकड़े गए आरोपी सोनू चक्रवर्ती (22 वर्ष), निवासी सोनपुर की तलाशी लेने पर पिस्टल रखी मिली। पिस्टल की मैगजीन चेक करने पर उसमें एक जिंदा कारतूस लोड था। इसके अलावा, युवक की जेब से एक चला हुआ कारतूस भी बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से पिस्टल, जिंदा कारतूस और खाली खोखा जब्त कर लिया है।

आठ हजार में राहगीर 'डोडो' से खरीदी थी पिस्टल-आरोपी सोनू ने पूछताछ में खुलासा किया कि उसने यह हथियार करीब 4-5 महीने पहले रांझी इलाके में एक अज्ञात राहगीर से खरीदा था। राहगीर ने अपना नाम 'डोडो' और निवासी भोपाल बताया था। यह सौदा 8 हजार रुपये में हुआ था। आरोपी सोनू चक्रवर्ती के खिलाफ प्रकरण दर्ज 'डोडो' नाम के व्यक्ति की भी तलाश कर रही है जिससे यह हथियार खरीदा गया था।

सूने मकान से लाखों के जेवर नकदी ले गए चोर

▸ शादी समारोह में गया था परिवार

नवभारत, जबलपुर। सिहोरा थाना अंतर्गत वार्ड नंबर 06, चौपड़ा मोहल्ला में बीती रात एक सूने मकान को चोरों ने निशाना बनाया। पीड़ित परिवार जब एक मैरिज गार्डन में शादी समारोह में शामिल होने गया था, तभी अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात और नकदी सहित लाखों के माल पर हाथ साफ कर दिया।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रकाश श्रीवास निवासी चौपड़ा मोहल्ला ने बताया कि बीती रात 12 फरवरी को उनके चाचा चमन श्रीवास की बेटी की शादी रमन पैलेस में थी। रात करीब 9 बजे प्रकाश अपनी पत्नी मनीषा और बच्चों के साथ कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। रात 12 बजे वे घर पर ताला लगाकर वापस पैलेस चले गए। जब रात करीब 2 बजे प्रकाश अपनी पत्नी के साथ कपड़े बदलने घर पहुंचे, तो उनके होश उड़ गए। घर के मेन गेट का ताला टूटा हुआ था। ऊपर के कमरे में जाकर देखा तो वहां दरवाजे का ताला भी टूटा मिला और कमरे के अंदर रखी अलमारी का लॉक भी क्षतिग्रस्त था। चोरों ने अलमारी में रखे सोने का हार, सोने की चैन, चांदी की पायल, झाले, बच्चों के चांदी के चूड़े, बिछिया और अन्य कीमती गहनों के साथ-साथ करीब 25,000 रुपये नगद चोरी कर लिए हैं। पीड़ित ने शुक्रवार को अपने बड़े भाई संतोष श्रीवास और परिजनों के साथ सिहोरा थाने पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। सिहोरा पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

कार ने दो बाइकों में मारी टक्कर, पांच घायल

जबलपुर। गोसलपुर थाना अंतर्गत बरनू तिराहा के आगे प्रतीक्षालय के सामने एन एच 30 रोड पर तेज रफ्तार कार ने दो बाइकों में टक्कर मार दी। हादसे में पांच लोग घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। पुलिस के मुताबिक देव कुशवाहा 23 वर्ष निवासी कृपाल चौक मदनमहल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह खाना वाली पार्टी के आर्डर में सुपरवाईजरी का काम करता है। जबलपुर से कटनी खाना बनाने का आर्डर पर मोटर सायकल में राधेश्याम, प्रीति बर्मन, शारदा एवं दूसरी मोटर सायकल में मयंक उपाध्याय, शरद दुबे थे वह अपनी मोटर सायकल मे रोहन और गोपाल को बैठाकर जा रहा था बरनू तिराहा के आगे प्रतीक्षालय के सामने एन एच 30 रोड़ पर पहुँचे तभी पीछे तरफसे आ रही सफेद कार क्रमांक एमपी 20 सीएफ5229 का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये उसके आगे चल रहीं राधेश्याम एवं मयंक की मोटर सायकलों में टक्कर मार दिया जिससे दोनों मोटर सायकल में सवार सभी गिर गये गिरने से राधेश्याम, प्रीति बर्मन, शारदा, मयंक उपाध्याय, शरद दुबे को हाथ पैर एवं शरीर में चोटें आईं।

दो युवकों पर चाकू से जानलेवा हमला

▸ शादी की खुशियां दहशत में बदली

नवभारत, जबलपुर। कोतवाली थाना अंतर्गत दमोहनाका क्षेत्र में बीती रात शादी की खुशियां उस वक्त दहशत में बदल गईं, जब एक युवक को बीच-बचाव करना महंगा पड़ गया। नशे में धुत एक बदमाश ने अपने साथी के साथ मिलकर दो युवकों पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर उन्हें लहुलुहान कर दिया। पुलिस ने मामले में हत्या के प्रयास का प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी अनुसार हनुमानताल सिंधी कैंप निवासी अविनाश अहिरवार (26) रोहित एजेंसी में सेल्समैन है, गुरुवार रात करीब 10:30 बजे अपने दोस्त सिद्धार्थ चौधरी के साथ दमोहनाका स्थित एमजी पैलेस में एक शादी समारोह में गया था। वहां दो पक्ष आपस में विवाद कर रहे थे। अविनाश ने एक पक्ष को यह कहकर शांत कराने की कोशिश की कि सामने वाला व्यक्ति नशे में है, उससे बहस न करें। यह बात वहां मौजूद मेघराज

चौधरी नाम के युवक को नागवार गुजरी। उसने अविनाश को धमकाते हुए कहा, तू मुझे नहीं जानता, दमोहनाका में मेरा नाम चलता है। उस वक्त विवाद शांत हो गया और अविनाश अपने दोस्त के साथ बुलेट से वापस लौटने लगा। रात करीब 11:30 बजे जैसे ही अविनाश और सिद्धार्थ दमोहनाका चौक के पास पहुंचे, मेघराज चौधरी ने अपने एक साथी के साथ उन्हें घेर लिया। आरोपियों ने चलती बुलेट पर लात मारकर उन्हें नीचे गिरा दिया और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की नियत से चाकू निकाल लिए। हमले में अविनाश की पीठ पर तीन जगह और जांघ में चोट आई है, वहीं सिद्धार्थ के सीने और जांघ पर गहरे जख्म हुए हैं। वारदात को अंजाम देकर आरोपी मौके से फरार हो गए।

एसईसीएल कर्मियों के दावे पर लो उचित निर्णय

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विशाल धगट की एकलपीठ ने एसईसीएल के छह कर्मचारियों के मामले को गंभीरता से लिया। न्यायालय ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है वह आवेदको की ओर से दिये जाने वाले नये प्रतिवेदन 60 दिनों के भीतर उचित निर्णय ले। यह मामला धनपुरी शहडोल के याचिकाकर्ताओं राजनीश कांत खरे, राकेश कुमार वर्मा, प्रदीप कुमार गौतम, शरद गुप्ता, राजेश कुमार चंद्रवंशी और नीरज कच्छ की ओर से दायर किया गया था। आवेदकों की ओर से कहा गया वे सभी एसईसीएल की सोहागपुर क्षेत्र की डामिनी यूजी खदान में माइनिंग सरदार और ओवरमैन के पद पर कार्यरत हैं। याचिकाकर्ता राजनीश कांत खरे को वर्ष 23-24 का सर्वश्रेष्ठ माइनिंग सरदार पुरस्कार भी मिला था। इसके बावजूद उन्हें और डामिनी यूजी खदान के लगभग 80 फीसदी कर्मचारियों को वर्ष 2023-24 के लिए मनमाने ढंग से औसत ग्रेडिंग दी गई। यह ग्रेडिंग उनके वास्तविक प्रदर्शन के विपरीत है और इससे उनकी पदोन्नति अवरुद्ध हो गई है। जिसकों लेकर कई बार आवेदन दिये, लेकिन कोई कार्रवई नहीं हुई।

अहिंसा चौक से कचनार सिटी तक नहीं जा सकेंगे तीन पहिया वाहन

▸ महाशिवरात्रि के अवसर पर बनी विशेष यातायात व्यवस्था

नवभारत, जबलपुर। महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर कचनार सिटी सहित विभिन्न शिव मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन, सुरक्षित आवागमन एवं सुव्यवस्थित यातायात उपलब्ध कराने जिला एवं पुलिस प्रशासन द्वारा विशेष व्यवस्थाएं लागू की गई हैं। जिसमें अहिंसा चौक से कचनार सिटी मंदिर तक मुख्य मार्ग सभी प्रकार के वाहनों हेतु पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। मुख्य मार्ग से जुड़ी सभी गलियों में उचित बैरिकेडिंग एवं डायवर्जन प्वाइंट बनाए जाएंगे, जिससे कोई भी वाहन मुख्य मार्ग पर प्रवेश न कर सके। अहिंसा चौक से कचनार सिटी की ओर सभी रिक्शा वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। रिक्शा वाहन चालक निर्धारित स्थल पर ही यात्रियों को उतारेंगे। यात्रियों को उतारने के पश्चात सभी रिक्शा वाहन एसबीआई चौक से यू-टर्न लेकर वापस जाएंगे। इसी क्रम में गोरखपुर स्थित गुप्तेश्वर मंदिर में जाने के लिए शक्ति नगर चौराहे एवं पनी की टंकी से 2 पहिया एवं 4 पहिया वाहनों कि प्रवेश की अनुमति नहीं होगी तथा अन्य छोटे लोडिंग वाहन एमजीएम स्कूल/ बंदरिया तिराहा से प्रतिबंधित रहेगें।

दो- चार पहिया वाहनों की बनी पार्किंग-दोपहिया वाहन अहिंसा चौक से प्रवेश कर सेल्वी हॉस्पिटल के सामने बनाए गए डायवर्सन प्वाइंट से राइट टर्न लेकर अन्नकूट होटल के समीप स्थित पार्किंग मैदान मे वाहन पार्क करेगें। चार पहिया वाहन अहिंसा चौक से आगे बढक़र एसबीआई चौक से लेफ्ट टर्न लेकर अन्नकूट होटल के बगल में निर्धारित पर्किंग स्थल मे वाहन पार्क करेगें। पार्किंग के पश्चात श्रद्धालु पैदल कचनार सिटी मंदिर की ओर जा सकेगें।

मुख्य मार्ग से 30 मीटर अंदर लगेंगे मंडप- जिला प्रशासन ने सभी भंडारा संचालकों को निर्देशित किया गया है कि वे मुख्य मार्ग से कम से कम 30 मीटर अंदर मंडप लगाएं।